एक नजर में

अग्रवाल परिचय सम्मेलन 30 को आगरा में

ग्वालियर 24 जनवरी. अखिल भारतीय अग्रवाल परिचय सम्मेलन द्वारा बसंत पंचमी उत्सव का आयोजन सिटी प्लाजा ग्वालियर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि सुनीता गर्ग, डा. कल्पना गोयल थी बसंत पंचमी के आयोजन में 105 महिलाएं पीले साड़ी पहनकर आई थी, श्रीमती अनिता अग्रवाल ने भजन प्रस्तुत कर एवं कमलेश बाबू मंगल के द्वारा बसंत रितु के ऊपर सुन्दर रचना प्रस्तुत की, कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं श्रीमती नीलम शाह महिला अध्यक्ष ने किया,इस अवसर पर सभी अग्रबनधुयो को सम्बोधित करते हुए राजेश ऐरन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि परिचय सम्मेलन द्वारा पूरे वर्ष सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के साथ समाज को एक जुट प्रयास जारी हैं, इस वर्ष भी परिचय सम्मेलन आयोजित किये जायेगे,2026 की शुरुआत 1 जनवरी को मां लक्ष्मी जी चुनरी शोभायात्रा के साथ हुई,ओर अब 30 जनवरी को आगरा में 133 वां युवक युवती परिचय सम्मेलन होगा,आज ग्वालियर में आयोजित कार्यक्रम में संस्था में नये सदस्य श्रीमती रेखा अग्रवाल गीता अग्रवाल रजनी सिंगल पूनम गोयल पूर्णिमा गर्ग, सपना अग्रवाल मध्यम अग्रवाल मीना गुप्ता, संगीता अग्रवाल अंजू अग्रवाल का परिचय कराकर शामिल किया गया.

एशिया कप में खेलेंगी ग्वालियर की अनुष्का शर्मा

ग्वालियर 24 जनवरी. एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन कर लिया है, जिसकी कप्तानी बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव करेंगी। प्रतिभाशाली बल्लेबाज ग्वालियर की अनुष्का शर्मा को उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 13 से 22 फरवरी के बीच थाईलैंड में खेला जाएगा। भारत इस टूर्नामेंट में यूएई (13 फरवरी), पाकिस्तान ए (15 फरवरी) और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा। एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारत की टीम- हुमैरा काजी, वृंदा दिनेश, अनुष्का शर्मा, दीया यादव (फिटनेस पर निर्भर), तेजल हसब्निस, नंदनी कश्यप (विकेटकीपर), ममता एम (विकेटकीपर, फिटनेस पर निर्भर), राधा यादव (कप्तान), सोनिया मेंढिया, मिन्नू मणि, तनुजा कंवर, प्रेमा रावत, साइमा ठाकोर, जिन्तामणि कलिता और नंदनी शर्मा।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

ग्वालियर। अचलेश्वर मंदिर के पास मानव अधिकार प्रोटेक्शन मध्यप्रदेश की ग्वालियर इकाई ने जनहित में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर का उद्घाटन फीता काटकर ग्वालियर पूर्व विधानसभा से विधायक सतीश सिकरवार ने करते हुए कहा कि शिवर का लाभ वार्ड स्तर पर लगाना चाहिए जिससे सभी आम लोगों को भी इसका उचित लाभ हो सके। शिविर में आए मरीजों व डाक्टरों से भी विधायक सिकरवार ने चर्चा कर हालचाल जाना। शिविर के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र झा, संरक्षक ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन एवं जिलाध्यक्ष अध्यक्षा रेखा गंभीर ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शिविर में डॉ जे सी गर्ग बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ राहुल गुप्ता फेफड़े ओर क्षय दमा रोग विशेषज्ञ, डॉ विनय गोस्वामी हड्डी जोड़ विशेषज्ञ, डॉ प्रतीक जैन दंत चिकित्सक मरीजों का परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह दी।

सीसुब अकादमी में लगा रोजगार मेला

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 जनवरी. भारत सरकार के नियुक्ति मिशन के अंतर्गत 24 जनवरी को टेकनपुर स्थित सीमा सुरक्षा बल अकादमी में आयोजित हुए रोजगार मेले में 336 नव चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर सहित देश के अनेक

336 नव चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र

स्थानों पर रोजगारो मेलो का आयोजन किया गया। सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में अपर महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर आनंद प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में रोजगार मेला आयोजित हुआ। महानिरीक्षक इस अवसर पर संयुक्त निदेशक ब्रजेश कुमार भी उपस्थिति थे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रोजगार मेले में शामिल होने आए अभ्यर्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'आज भारत, दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक है। हमारी सरकार का निरंतर प्रयास है कि भारत की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर बनें। आज भारत सरकार, अनेक देशों से ट्रेड और मोबिलिटी एग्रीमेंट कर रही है। ये ट्रेड एग्रीमेंट भारत के युवाओं के लिए अनेकों नए अवसर लेकर आ रहे हैं।' इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने पारदर्शी पहल के लिये प्रधानमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

अपर महानिदेशक सीमा सुरक्षा बल आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि रोजगार मेला एक कार्यक्रम भर नहीं बल्कि उज्जवल भविष्य के दिशा में सशक्त कदम भी हैं 7 61,000 से अधिक नव चयनित अभ्यर्थियों जिनको नियुक्ति पत्र देश में कुल 45 केन्द्रों में दिए जा रहे है, भारत सरकार के विभिन्न मन्त्रालयों एवं विभागों में, जिसमें सीमा सुरक्षा बल, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, भारत-तिब्बत सीमा बल, सशस्त्र सीमा बल, असम राइफल्स सहित विभिन्न विभाग जो न केवल देश की सुरक्षा की रीढ़ है बल्कि अनुशासन सेवा एवं बलिदान की जीवंत मिसाल भी हैं। आज का दिन आपके परिश्रम, धैर्य एवं संकल्प का परिणाम है। शारीरिक एवं मानसिक चुनैतियों को पार करके यह मुकाम हासिल किया है। यह सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि ही नहीं बल्कि परिवार एवं समाज के लिए भी गर्व का विषय है।

आईटीएम में बसंत पंचमी पर राग बसंत की बही 'सहस्त्रधारा'

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 जनवरी. आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर में बसंत पंचमी के अवसर पर 'सहस्त्रधारा' (ए थाउजेंट स्ट्रीम्स ऑफथॉट) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान के उस्ताद अल्लाउदीन खान (बाबा मैहर) ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम की थीम 'ड्रीम्स, डिस्कवर, डिलिवर ए जर्नी ऑफ विजडम एंड ट्रांसफोर्मेशन एट आईटीएम यूनिवर्सिटी' रही। जहां मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. राजेंद्र बांदिल (चेयरमेन, मध्य भारत शिक्षा समिति ग्वालियर) शामिल हुए। वहीं प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीत गायक डॉ. पारुल दीक्षित ने शास्त्रीय संगीत की सहस्त्रधारा बहाई। उनके साथ तबले पर पांडूरंग तेलंग और हारमोनियम पर विवेक जैन ने संगत की।

इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की फाउंडर चांसलर श्री रमाशंकर सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ. ओमवीर सिंह, डीएसडब्ल्यू तृप्ति पाठक, डीन एकेडमिक डॉ. रंजीत सिंह तोमर, डॉ. संजय जोथे, डॉ. मनीष जैसल सहित संस्थान के विभिन्न विभागों के अध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर एसोसिएट प्रोफेसर मौजूद रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राजेंद्र बांदिल ने कहा कि आज के समय में हमें यह गंभीरता से सोचने की आवश्यकता है कि ज्ञान की निरंतर खोज कैसे की जाए और ज्ञान प्राप्त करने के लिए हम किन स्त्रोतों की ओर उन्मुख हों। उ

वाइस चांसलर प्रोफेसर डॉ. योगेश उपाध्याय ने कहा कि कार्यक्रम के विषय का विश्लेषण करते हुए कहा कि सहस्त्रधारा का मूल उद्देश्य ज्ञान के सतत प्रवाह को बनाए रखना है।

कार्यक्रम में डॉ. संजय जोथे एवं डॉ. मनीष जैसल ने भी व्याख्यान दिया.

रेल स्प्रिंग कारखाना में खेल-कूद स्पर्धा का समापन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 24 जनवरी. रेल स्प्रिंग कारखाना, सिंथौली में चल रही खेल-कूद स्पर्धा का समापन आज मुख्य कारखाना प्रबंधक शिवाजी कदम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कारखाने में 18 दिनों तक चली खेल-कूद स्पर्धा में शतरंज, कैरम, गोला फेंक, दौड, वॉलीवॉल एंव बैडमिन्टन जैसे

18 दिवसीय इस आयोजन में रेल कर्मचारियों ने दिखाए अपने हुनर

खेलों में विभिन्न आयु वर्ग के लगभग 192 कर्मचारियों, अधिकारियों एंव पहली बार आउट सोर्सेस कर्मचारियों को भी शामिल किया गया जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें खिलाडियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, इस आयोजन के लिये कारखाने के संसाधनों से ही वॉलीवॉल एंव बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों का स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता, आपस में सदभावना को बढावा देना था। कार्यक्रम को सफल बनाने में खेल कर्मचारी प्रताप सिंह, पूजा बुन्देला, केदार सिंह मीणा एवं अन्तिम मलिक का योगदान सराहनीय रहा साथ ही अनिल कुमार वर्मा उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, धनंजय रहालकर सहायक कार्य प्रबंधक एंव रमेश कुमार हनोते ए.सी.एम.टी एंव किरोड़ी लाल मीणा सहायक सामग्री प्रबंधक का योगदान रहा। उत्तर मध्य रेलवे के प्रिंसीपल मुख्य सामग्री प्रबंधक एंव अध्यक्ष खेल कूद संघ उ.म.रे. शशि प्रकाश द्विवेदी एंव सचिव खेल कूद संघ सर्वेश द्विवेदी उप मुख्य सामग्री प्रबंधक इनसे खेल कूद सामग्री प्राप्त की गई।

आधुनिक हिंदी साहित्य-विविध आयाम पर एक दिवसीय शोध संगोष्ठी आयोजित

ग्वालियर 24 जनवरी. स्थानीय माधव महाविद्यालय के स्नातकोत्तर हिंदी विभाग द्वारा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आधुनिक हिंदी साहित्य- विविध आयाम विषय पर एक दिवसीय शोध संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञों ने हिंदी की वैश्विक प्रासंगिकता और रोजगारपरक पहलुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता कमलराजा स्वशासी कन्या महाविद्यालय की डॉ. कल्पना शर्मा ने कहा, हिंदी भाषा आज वैश्विक स्तर पर अपना परचम लहरा रही है। इसका ज्ञान न केवल लोकप्रियता के लिए, बल्कि रोजगार की दृष्टि से भी आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। मुख्य अतिथि, माधव महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. विजय गंभीर ने विद्यार्थियों को अपनी आंतरिक योग्यता पहचानने और कौशल विकास करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. शिवकुमार शर्मा ने की, जिन्होंने अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। विषय प्रवर्तन एवं मंच संचालन डॉ. मंदाकिनी शर्मा द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. सरिता दीक्षित ने किया। इस अवसर पर डॉ. विकास शुक्ला, प्रेक्षा नाईक, डॉ. संतोष शर्मा, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. दीपक शिंदे सहित दीक्षा शाक्य, शुभम कुमार जैसवाल और उदयवीर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के साथ-साथ संस्कृत, इतिहास एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

ग्वालियर। स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत आरोग्य भारती, ग्वालियर द्वारा स्थानीय शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन स्थिति में हृदय गति रुकने पर प्राथमिक उपचार के माध्यम से जीवन बचाने की तकनीक से छात्रों और चिकित्सा कर्मियों को अवगत कराना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरोग्य भारती, मध्य भारत प्रांत के सह-सचिव जे.पी. शर्मा रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. के.एल. शर्मा और महाविद्यालय के आरएमओ डॉ. निलेश शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का विशेष मार्गदर्शन सीपीआर आयाम की प्रमुख डॉ. नीलिमा टंडन ने किया, जिन्होंने उपस्थित छात्रों को सीपीआर की बारीकियों और इसकी महत्ता के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि अचानक कार्डियक अरेस्ट आने पर अस्पताल पहुँचने से पहले के शुरुआती मिनट कितने कीमती होते हैं। सही तरीके से दिया गया सीपीआर किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। इस दौरान आरोग्य भारती के जिला कुपोषण प्रभारी विकास भट्ट ने सक्रिय भूमिका निभाई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने इस व्यावहारिक प्रशिक्षण में भाग लिया और डमी पर सीपीआर का अभ्यास किया। आयोजन के अंत में डॉ. के.एल. शर्मा ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और सहभागी छात्रों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

जन उत्थान न्यास बच्चों को दिखाएगा नि:शुल्क जादू का शो

ग्वालियर 23 जनवरी. शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में आज 25 व 26 जनवरी को कटारोताल के सामने रविशंकर हॉस्टल के पास मैदान में जादूगर दीपक कुमार का नि:शुल्क शो का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के करीब 12 हजार बच्चे नि:शुल्क शो देखेंगे। 25 व 26 जनवरी को प्रतिदिन 3-3 शो का आयोजन किया गया है, जो कि दोपहर 12 बजे से, दोपहर 3 बजे से एवं सायं 6 बजे से शुरू होगा। यह जानकारी न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी।

WANTED

WANTED ENGINEERS. A reputed company in Pune requires Mechanical Engineers freshers and with 1 – 2 years experience in Production Quality Assurance for their plants in Chakan, Pune. Call 7600842387 send resume khushbugupta.hr@gmail.com

आम सूचना

श्री भगवान लाल सिंह पुत्र श्री बाबूलाल सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड क्र. 12, स्थित ग्राम बड़ागाँव, खुरैरी, मुरार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र. 61 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 11 ग्राम बड़ागाँव का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 799 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता 20 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भवन कोमल यादव एवं दिलीप, उत्तर में-भूखण्ड राठौर एवं दक्षिण में-सम्पत्ति श्री विनोद सिंह सिकरवार है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बाबूलाल पुत्र श्री मंशाराम के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बाबूलाल का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री भगवान लाल सिंह पुत्र श्री बाबूलाल सिंह एवं अन्य उनकी सम्पति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री भगवान लाल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति को विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती गुड्डी बाई पत्नी श्री नेपत सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती गुड्डी बाई द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री भगवान लाल सिंह के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), ग्वालियर-सिटी, जिला-ग्वालियर, म.प्र.

प्रकरण क्रमांक-0101/अपील/2024-25

श्रीमती परवीन खान पत्नी श्री अयूब पुत्री करामत निवासी शंकरपुर तहसील व जिला ग्वालियर........ अपीलांट

बनाम

1-सलीम, 2-हन्नू, 3-डब्लू, 4-पप्पू, 5-बशीर पुत्रगण स्व. करामत, 6-हनीफ फौत पुत्र करामत के वारिसान (क) संलमा पत्नी स्व. हनीफ, (ख) गुलफाम पुत्र स्व. हनीफ, (ग) इमरान पुत्र स्व. हनीफ, (घ) नगमा पुत्री स्व हनीफ, (ड़) नाजिनी पुत्री स्व. हनीफ (च) सदमा पुत्री स्व. हनीफ, (ट) गुलफसा पुत्री स्व. हनीफ समस्त निवासीगण शंकरपुर तहसील व जिला ग्वालियर, 7-सितारा पुत्री करामत पत्नी निवासी गुर्रा तहसील जौरा जिला मुरैना, 8-मुबीना पत्नी स्व. इशफाक पुत्री करामत निवासी ग्राम सिगोरा तहसील व जिला ग्वालियर

- रेस्पोंडेन्ट्स

// सूचना पत्र //

एतद द्वारा जरिये सूचना पत्र रेस्पोडेटगण को सूचित किया जाता है कि अपीलांट की ओर से अभिभाषक श्री सी.एम. गुप्ता द्वारा ग्राम शंकरपुर की नामान्तरण पंजी क्रमांक 29/17.12.1995 के विरूद्ध म.प्र.भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के अन्तर्ग अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत की गई है, जो इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक-0101/अपील/2024-25 पर पंजीबद्ध होकर प्रचलित है. जिसमें सुनवाई हेतु आगामी दिनांक 29.01.2026 नियत की गई है। अतः नियत दिनांक को रेस्पोडेंट्स अथवा अन्य जो भी इस प्रकरण में अपने आपको हितधारी समझता हो, स्वयं अथवा अपने वैध प्रतिनिधि के द्वारा इस न्यायालय (नवीन संयुक्त अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, ग्वालियर सिटी स्थित सागरताल रोड़, शासकीय मल्टी के पास, बहोड़ापुर कक्ष क्रमांक-11) में उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। नियत तिथि को उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय आदेश कर प्रकरण में सुनवाई कर आदेश पारित कर दिया जावेगा। तत्पश्चात् किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। यह सूचना पत्र मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 13.01.2026 को जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
ग्वालियर-सिटी
ग्वालियर

दिनांक 13-1-25

In The Court of I Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Bhind

Presiding Officer:
श्रीमती निधि निलेश श्रीवास्तव
(आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम)
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000021/2025)
अरविंद सिंह.... आवेदक
Vs
भारतीय जीवन बीमा निगम ..... अनावेदक
Process Id/2026
पेशी दिनांक 27/02/2026

प्रेषिती
(1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरविंद सिंह पुत्र स्व. रामेश्वर सिंह निवासी ग्राम भुजपुरा, थाना देहात जिला भिण्ड म.प्र. ने मृतक रामेश्वर सिंह पुत्र सोमप्रसाद बघेल निवासी ग्राम भुजपुरा पर. व जिला भिण्ड म.प्र. की भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा कार्यालय जनकपुरी न्यू देहली, जिसका पॉलिसी नं0 331364722 के परिपक्व होने के बाद राशि 118000/- रूपये मय ब्याज प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 27 February 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 27 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा। यह आज तारीख 20 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
श्रीमती निधि नीलेश श्रीवास्तव
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भिण्ड (म.प्र.)

टिप्पणी:-
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रेमलता शर्मा पत्नी श्री ब्रज नारायण शर्मा ने एक अचल संपत्ति जिसका नगर निगम भवन क्र. 1717 (नया), 349 (पुराना) हल्का नंबर 16, वार्ड क्र. 48, आपागंज, मामा का बाजार शहर लश्कर व जिला ग्वालियर (मप्र) की होकर जिसकी चतुर्सीमा:- पूर्व में- गली शामलाती व भवन राम सिंह एवं रूपा, पश्चिम में- संपत्ति विक्रेता, उत्तर में- गली नगर निगम, दक्षिण में- मकान वृंदावन (विध्यावन) व कुल क्षेत्रफल 1084.13 वर्गफुट है को क्रय करने का लिखतम विक्रय अनुबंध-पत्र संपत्ति मालिक श्रीमान हरिओम शर्मा एवं ओमनारायण पुत्रगण स्व. श्री सियाराम शर्मा के साथ संपादित किया है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान श्याम बाबू वर्मा पुत्र श्री राम चंद्र वर्मा के स्वत्व, स्वामित्व की थी। तत्पश्चात श्रीमान श्याम बाबू वर्मा पुत्र श्री रामचंद्र वर्मा द्वारा श्रीमान सियाराम शर्मा पुत्र श्री विद्याराम शर्मा को रजिस्टर्ड सरल क्र. 4148 व दिनांक 27.12.1967 उक्त संपत्ति का विक्रय किया गया जिसमें श्रीमान सियाराम शर्मा पुत्र श्री विद्याराम शर्मा के फोत उपरांत उक्त संपत्ति उनके वारिस श्रीमान हरिओम शर्मा एवं ओमनारायण के नाम नगर निगम में दर्ज हुए। तदानुसार उक्त संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख शीघ्र ही क्रेता के पक्ष में संपादित किया जाने वाला है। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 24.01.2026

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे.क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 भवन क्रमांक 2530 स्थान: नर्मदा कॉलोनी मुरार पर स्थित है जो विक्रेता राकेश कुमार अग्रवाल/बाबूलाल अग्रवाल के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 1000325079 पर दर्ज है/नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 1247 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और आर-14012600069504 दिनांक 16.01.2026 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केंद्र टप्पा तहसील मुरार पर दिनांक- 23.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/2010/75243/75335 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 24.01.2026
आवेदक नाम- लक्ष्मी प्रजापति पत्नी राजेन्द्र कुमार प्रजापति
पता- मुरार, वार्ड-27

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षे. क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 भवन क्रमांक 2724 स्थान: सदर बाजार मुरार पर स्थित है जो विक्रेता किशन मराठा पुत्र तायाप्पा मराठा के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक 1000165946 पर दर्ज है/नहीं है। जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और एमपी-142592024ए11079314 दिनांक 30.08.2024 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केंद्र टप्पा तहसील मुरार पर दिनांक- 23.01.2026 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/2010/75233/75325 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 24.01.2026
आवेदक नाम- शंकर साहू/भगवानदास साहू
पता- सदर बाजार, वार्ड-27

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 07 वार्ड क्रमांक 03 भवन क्रमांक 3160 स्थान डी-197 विनयनगर से-3, में स्थित है जो कि रामविद्रोही/उदयसिंह विद्रोही के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000199808 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 1127 वर्गफुट है. उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 142602020 ए1863393 दिनांक 21/12/2020 द्वारा क्रय/उत्तराधिकार से प्राप्त/वसीयतनामा से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्मत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रेनवसेरा पर दिनांक 23/01/2026 को किया गया है. जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 64/2010/ 68301/68415 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 24-01-2026
आवेदक का नाम/पता
महेश गोयल /जगदीश प्रसाद गोयल
श्रीमती नीलम गोयल/महेश गोयल
पता: डी-197,विनय नगर सें-3,
ग्वालियर म.प्र.

आम सूचना

श्रीमती शारदा बघेल पत्नी श्री भगवान सिंह बघेल के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूमि, स्थित नेशनल हाईवे, ग्राम सिमरियाताल, प.ह.नं.52, रा.नि.मं.02, तहसील डबरा व जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पालिका डबरा वार्ड क्र.01 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.2041/1 ग्राम सिमरियाताल का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 0.0186 हैक्टेयर है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:-पूर्व में-भूमि दीगर, पश्चिम में-नेशनल हाईवे, उत्तर में-रास्ता 20 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में-भूमि श्रीमती गीता साहू है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री इंदर सिंह एवं श्री हीरा सिंह पुत्रगण श्री गुरूमीत सिंह, श्रीमती दलवीर कौर पत्नी स्व. श्री गुरूमीत सिंह, श्री चरनजीत सिंह एवं श्री जव्वत सिंह पुत्रगण श्री अर्जुन सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री मलकीत सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री चरनजीत सिंह एवं श्री जवत सिंह उर्फ जसवंत सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती शारदा बघेल पत्नी श्री भगवान सिंह बघेल को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 142582022 ए1520311 दिनांक 19.05.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती शारदा बघेल द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान गृहम हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार का हित-निहित होने अथवा किसी प्रकार की आपत्ति होने पर मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती शालू पत्नी श्री संदीप साहू ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 36 पूरा एवं 37 का भाग स्थित ठाकुर बाबा बिहार कॉलोनी, कोटे की सराय झाँसी रोड जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 195 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 1000 वर्गफुट है जिसका म्यु वार्ड क्र. 58 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री विष्णु पुत्री स्व. श्री लालचन्द्र के परिवारिक सदस्य हरगोविन्द्र, कमलकिशोर, गरूदयाल, हरीकिशन पुत्रगण स्व. श्री लालसिंह एंव मुन्नी पुत्री स्व. श्री लालचन्द्र की काश्त की कृषि भूमि खसरे में सयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में प्लॉट क्र. 25, पश्चिम में रोड, उत्तर में प्लॉट क्र. 35, दक्षिण में प्लॉट क्र. 37 का भाग जिसका कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती पुष्पा पत्नी श्री विष्णु पुत्री स्व. श्री लालचन्द्र के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 36 पूरा एंव 37 का भाग मेरी पक्षकारा श्रीमती शालू पत्नी श्री संदीप साहू को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागो या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के किसी सदस्य हरगोविन्द्र, कमलकिशोर, गरूदयाल, हरीकिशन पुत्रगण स्व. श्री लालसिंह एंव मुन्नी पुत्री स्व. श्री लालचन्द्र को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नही होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती शालू पत्नी श्री संदीप साहू अचल संपत्ति प्लॉट क. 36 पूरा एंव 37 का भाग का कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है।

दिनांक 24.01.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती कमला पत्नी श्री गब्बरसिंह ने उक्त अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 13 का भाग स्थित गुप्तेश्वर कॉलोनी बायपास चौराहा बरा जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 859/1 का भाग जिसका कुलक्षेत्र 640 वर्गफुट है जिसका म्यु वार्ड क्र. 1 है। जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता संतोष पाल पुत्र स्व. श्री महेश पाल के परिवार सदस्य हेमन्त पाल पुत्र स्व. श्री महेश पाल, श्रीमती शान्ती पाल पत्नी स्व. श्री महेश पाल, रेखा पुत्री स्व. श्री महेश पाल की काश्त की कृषि भूमि खसरे में सयुक्त भूमि राजस्व अभिलेख में भूमि स्वामी की हैसियत से दर्ज होकर चली आ रही। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में प्लॉट क्र. 13 का भाग, पश्चिम में अन्य भूमि, उत्तर में प्लॉट क्र. 21, दक्षिण में रोड जिसका कुल क्षेत्रफल 640 वर्गफुट है। मेरी पक्षकारा श्रीमती कमला पत्नी श्री गब्बरसिंह के द्वारा उक्त अचल संपत्ति प्लॉट विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को कोई या विक्रेता परिवार के किसी सदस्य हेमन्त पाल पुत्र स्व. श्री महेश पाल, श्रीमती शान्ती पाल पत्नी स्व. श्री महेश पाल, रेखा पुत्री स्व. श्री महेश पाल को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 15 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा श्रीमती कमला पत्नी श्री गब्बरसिंह अचल संपत्ति प्लॉट क्र. 13 का भाग कुल क्षेत्रफल 640 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा जैना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड ग्वालियर से आवंटित करा रही है।

दिनांक 24.01.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती नीलम अटेरिया पत्नी श्री भूपेन्द्र नरवरिया ने उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 111 स्थित भगवती बिहार कालोनी, 12 बीघा अजयपुर जिला ग्वालियर में है। जो कि सर्वे क्र. 357, 356, 358/1, 355/2 का भाग 1609 वर्गफुट है। जिसका म्यु वार्ड क्र. 65 है, जो मेरी पक्षकारा ने विक्रय अनुबंध पत्र के तहत क्रय करना स्वीकार किया। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती मंजू डोगरा पत्नी स्व.श्री राजेन्द्र सिंह एव वरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा रजिस्टर्ड मु. आम तरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा दस्तावेज ई रजिस्ट्रेशन नं. एम पी 21 आई जी आर 17402025ए400378762 तारीखी 27.05.2025 में किया गया। मेरी पक्षकारा के द्वारा किये विक्रय अनुबंध पत्र के तहत चतुरसीमा निम्नानुसार है:- पूर्व में रोड, पश्चिम में दीगर सम्पत्ति, उत्तर में प्लॉट क्र.110, दक्षिण में दीगर सम्पत्ति, जिसका कुल क्षेत्रफल 1609 वर्गफुट है। लेकिन मेरी पक्षकारा के विक्रेता के पिता राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री महेन्द्र सिंह की मृत्यु होने के बाद वारिसान की हैसियत से विक्रेता श्रीमती मंजू डोगरा पत्नी स्व.श्री राजेन्द्र सिंह एंव वरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह एव तरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह मालिक व काबिज है। मेरी पक्षकारा के विक्रेता श्रीमती मंजू डोगरा पत्नी स्व.श्री राजेन्द्र सिंह एंव वरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा रजिस्टर्ड मु. आम तरूण डोगरा पुत्र स्व. श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा अचल सम्पत्ति प्लॉट मेरी पक्षकारा श्रीमती नीलम अटेरिया पत्नी श्री भूपेन्द्र नरवरिया को विक्रित किये जाने बावत अगर किसी व्यक्ति, बैंक, सस्था, निगम, शासकीय, अशासकीय विभागों या प्राईवेट फायनेंश को या विक्रेता के किसी भी परिवारिक सदस्य को कोई उज्र व आपत्ति हो तो मय सबूत के नीचे पते पर 7 दिवस के अन्दर उपस्थित होकर आपत्ति पेश करे वरना म्याद गुजरने के बाद कोई उज्र व आपत्ति मान्य व स्वीकार नहीं होगी और मेरी पक्षकारा उक्त अचल सम्पत्ति प्लॉट क्र. 111 का कुल क्षेत्रफल 1609 वर्गफुट को क्रय करने बावत हाउसिंग लोन की सुविधा आई. सी. आई. सी. आई. एच. एफ. सी. ग्वालियर से आवंटित करा रही है। जो सूचित हो।

दिनांक 24.01.2026
स्थान ग्वालियर

भवदीय
संजय बाकलीवाल एडवोकेट
चिक संतर मुरार ग्वालियर
मो. 9300981954

आम सूचना

श्री विनोद कुशवाह, श्री संतोष कुशवाह पुत्रगण श्री घसीटे, श्रीमती सुनीता कुशवाह पत्नी श्री विनोद कुशवाह, श्रीमती जानकी कुशवाह पत्नी श्री संतोष कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन/ शॉप, स्थित मौहल्ला सिकन्दर, शंकर जी मंदिर के पास, लाहोर रोड, पानी टंकी, कस्बा भाण्डेर, जिला दतिया (म.प्र.) में है जो नगर पालिका भाण्डेर वार्ड क्र.02(पुराना) 04 (न्यू) में स्थित है जिसका भवन क्र.113 है एवं जिसका क्षेत्रफल 629.64 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-भाण्डेर-लाहर मार्ग, पश्चिम में-बाड़ा रमेश रेजा, उत्तर में-शॉप / भवन सुन्नू वर्मा एवं दक्षिण में-रास्ता 08 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री घसीटे पुत्र श्री मुन्नालाल काछी के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री घसीटे का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री विनोद कुशवाह, श्री संतोष कुशवाह पुत्रगण श्री घसीटे उनकी सम्पत्ति की मालिक हुये एवं नगर पालिका परिषद भाण्डेर, जिला दतिया में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री विनोद कुशवाह, श्री संतोष कुशवाह द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती सुनीता कुशवाह पत्नी श्री विनोद कुशवाह, श्रीमती जानकी कुशवाह पत्नी श्री संतोष कुशवाह के हित में ई-रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख क्र.एमपी27आईजीआर 17172025ए101214988 दिनांक 31.12.2025 को सम्पादित किया गया। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित वर्ष 2025 से पूर्व कोई भी रजिस्टर्ड दस्तावेज उपलब्ध नहीं है। श्री विनोद कुशवाह, श्री संतोष कुशवाह, श्रीमती सुनीता कुशवाह एवं श्रीमती जानकी कुशवाह द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं श्री घसीटे के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर अथवा वर्ष 2025 से पूर्व का कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

आम सूचना

श्री किशोर कुमार किरार पुत्रगण स्व. श्री गेंदालाल किरार के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति म्युनिसिपल भवन क्र.2342 स्थित विनय नगर सेक्टर नं.01 से 04, ग्राम केशोबाग, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.03 में स्थित है जिसका सम्पत्ति क्र.1000133875 है जो भूमि सर्वे क्र.299 एवं 301 ग्राम केशोबाग का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 450 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है: - पूर्व में - भवन जादौन, पश्चिम में-भवन दीगर, उत्तर में-रास्ता एवं दक्षिण में-सम्पत्ति दीगर बाद जेल है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्रीमती धन्तोबाई पत्नी स्व. श्री शंकरलाल कुशवाह, श्री हरिराम, श्री रामस्वरूप, श्री पूरन एवं श्री गब्बर सिंह पुत्रगण स्व. श्री शंकरलाल कुशवाह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री हरिराम, श्री रामस्वरूप एवं श्री पूरन द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती धन्तोबाई पत्नी स्व. श्री शंकरलाल कुशवाह के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.1461 दिनांक 02.12.2001 को सम्पादित किया गया। श्री हरिराम, श्री रामस्वरूप एवं श्री पूरन जये मुख्त्यारआम श्रीमती धन्तोबाई (स्वयं) एवं श्री गब्बर सिंह द्वारा सम्पत्ति 1800 वर्गफुट एरिया श्रीमती नारायणी बाई पत्नी स्व. श्री गेंदालाल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.1446 दिनांक 27.08.2002 से विक्रय की गई। श्रीमती नारायणी बाई का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री बृजमोहन, श्री हरिबाबू, श्री कमलेश, श्री किशोर कुमार किरार पुत्रगण स्व. श्री गेंदालाल किरार उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं नगर निगम ग्वालियर में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री किशोर कुमार किरार उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती कल्पना किरार पत्नी श्री किशोर कुमार किरार के हित में लिखतम सहस्वामित्व पत्र सम्पादित किये जाने हेतु डीड का ड्राफ्ट तैयार किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड सहस्वामित्व विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्री किशोर कुमार किरार एवं श्रीमती कल्पना किरार द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वन्डर होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांको के अन्य सहस्वामियों को एवं श्रीमती नारायणी बाई के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710